संख्या-11/1395/63-व0उ0-2014-190(एच)/14

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0,
कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ : दिनांक 18 दिसम्बर, 2014

विषय:- वित्तीय वर्ष 2014-15 में कार्यशील पूंजी के रूप में उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कानपुर को रू0 10.00 करोड उपलब्ध कराये जाने की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में एवं मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 10.09.2014 को हुई बैठक के क्रम में उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम को कार्यशील पूंजी/देनदारियों के भुगतान हेतु रू0 10.00 करोड़ (रूपया दस करोड़ मात्र) वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-6 के अन्तर्गत **लेखाशीर्षक-6860-01-190** के अधीन नये **उपशीर्ष "09-उत्तर प्रदेश राज्य हथकरघा निगम को कार्यशील पूंजी हेतु ऋण"** के अन्तर्गत दिये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उक्त प्रस्तर-1 में उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम, कानपुर को स्वीकृत रू0 10.00 करोड. (रूपया दस करोड़ मात्र) की धनराशि उक्त लेखाशीर्षक के अन्तर्गत उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 10.00 करोड़ (रूपया दस करोड़ मात्र) का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कानपुर का होगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4 की सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या-1395(1)/63-व0उ0-2014-190(एच)/14, तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4/वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6/ वित्त (बजट) अनुभाग-1
4- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।
5- मुख्य लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियॉ एवं पंचायतें, उ0प्र0 इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

http://shasanadesh.up.nic.in

(राज बहादुर)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in